# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## तारांकित प्रश्न
## 5 मार्च, 2026

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### खेल विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचे को उन्नत करना

*101 **श्रीमती कृष्णा गहलावत (राई):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) क्या सोनीपत जिले के राई विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में स्थित खेल विश्वविद्यालय राई में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने/उन्नत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

### रोहतक शहर के सौंदर्यकरण को सुधारना

*102 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक में शहरी सौंदर्यकरण के नाम पर, वृक्षारोपण के उद्देश्यों से कई स्थानों पर सड़कों पर लगी डिवाइडर ग्रिलों को काटा गया था, परंतु सरकार द्वारा दिए गए आश्वासनों के बावजूद भी उक्त ग्रिलों की उचित मरम्मत नहीं की गई है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि सिविल सड़क पर गमलों में लगाए गए लगभग 70 पोधों को सीधे भूमि में पेड़ों/पौधों के वृक्षारोपण के साथ बदलना चाहिए;

ग) क्या राजीव चौक से सोनीपत सड़क पर एल.पी. एस. तक की सड़क विभाजन ग्रिल विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त हैं जिससे शहर की सुंदरता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है;

घ) क्या पूरे शहर की सुंदरता सुधारने के लिए गमले हटाने तथा उनके स्थान पर वृक्षारोपण करने, क्षतिग्रस्त ग्रिलों को मजबूत, मरम्मत तथा रंग रोगन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

ड) उक्त कार्यों को करने के लिए सरकार द्वारा कुल कितना बजटीय प्रावधान किया गया है तथा इन कार्यों पर अब तक कितनी राशि खर्च की गई है ?

----

### पांच कर्म के रास्तों को पक्का करना।

***103** **श्री जस्सी पेटवाड़ ( नारनौंद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपा बताएंगे कि:-

क) क्या बांस से भकलाना ,बड़ाला से बांस, नारनौंद से माजरा तथा खरबला से भाटोल तक पांच करम के रास्तों को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त रास्तों को कब तक पक्का की जाने की संभावना है?

----

## एक नए उपरि पुल का निर्माण करना

***104** **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह एक तथ्य है कि पेहोवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के कंथला गांव में स्थित उपरि पुल की स्थिति जर्जर तथा असुरक्षित है; तथा

ख) क्या उपरोक्त उपरिपुल के स्थान पर एक नए उपरि पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त पुल का निर्माण कार्य कब तक पूरा किया जाने की संभावना है?

----

## सड़क का निर्माण कार्य पूरा करना

***105** **मो. इसराईल (हथीन):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि मंडकोला से नूंह तक सड़क के निर्माण के लिए सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, परंतु अब तक उसका निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा उक्त सड़क के निर्माण कार्य के कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## किराएदारों को परिवार पहचान पत्र प्रदान करना

***106** **श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में परिवार पहचान पत्र (पी.पी.पी.) जारी करने के लिए संपत्ति पहचान पत्र अनिवार्य है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; तथा

ख) किरायेदारों या व्यक्तियों, जिनके पास अपनी कोई संपत्ति नहीं है, को परिवार पहचान पत्र जारी करने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए प्रावधान क्या हैं?

----

## तालाबों की सफाई, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार करना

***107** **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित गाँवों के तालाबों की सफाई, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गये हैं:—

(i) गाँव भूरावास का ऐतिहासिक एवं प्राचीन पवित्र तालाब;
(ii) गाँव जोन्धी में शिव मंदिर के समीप तालाब;
(iii) गाँव तलाव में बगला चौपाल के पास स्थित गुई जोहड़ (तालाब);
(iv) गाँव छुछकवास में मुख्य सड़क पर स्थित खरिया तालाब;
(v) गाँव खेड़ी खुमार में रामेश्वर तालाब;

(vi) गाँव मुडाहेरा में बाबा खूबी दास आश्रम के समीप स्थित हरजीवाला तालाब;
(vii) गाँव बहू में स्थित रामेश्वर तालाब एवं मोटनिया तालाब;
(viii) गाँव ग्वालीसन में खटियावाला तालाब; तथा
(ix) गाँव भड़ानी में देसवाल तालाब?

----

## घग्गर नदी के दोनों किनारों पर सड़क का निर्माण करना

*108 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या सिरसा जिले में गांव मुसाहिब वाला से गांव खैरेकां तक घग्गर नदी के तटबंधों के दोनों ओर सड़क निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त सड़कों का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य शुरू करना

*109 **श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या सफीदों विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव ढाठरथ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण कार्य शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हाँ, तो इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## पात्र किसानों को लंबित प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराना

*110 **श्री गोकुल सेतिया ( सिरसा):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में खरीफ 2024 के दौरान धान की खेती के लिए डायरेक्ट सीडेड राइस (डी.एस.आर.) पद्धति अपनाने वाले किसानों को ₹4,000 प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए एक योजना सरकार द्वारा लागू की गई थी; यदि हाँ, तो राज्य में उक्त योजना के अंतर्गत कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त प्रोत्साहन राशि लगभग 18,000–19,000 किसानों को अब तक प्रदान नहीं की गई है; यदि हाँ, तो विलंब के क्या कारण हैं तथा कितनी प्रोत्साहन राशि भुगतान के लिए अभी लंबित पड़ी है; तथा

(ग) पात्र किसानों को उक्त लंबित प्रोत्साहन राशि कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

----

## नए पुल का निर्माण करना

*111 **चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या यमुनानगर जिले के छछरौली में सोम नदी पर मौजूदा पुल के स्थान पर एक नया पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उसकी अनुमानित लागत क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

**रोजगार गारंटी प्रदान करना**

***112 श्री निर्मल सिंह मोहडा (अंबाला शहर):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः

क) क्या यह तथ्य है कि सरकार ने अंबाला जिले में औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आई.एम.टी.) की स्थापना करने की घोषणा की है तथा उक्त आई.एम.टी. की स्थापना के लिए किसानों ने भी पोर्टल पर अपनी भूमि की पेशकश पर सहमति व्यक्त की है;

ख) क्या किसानों की मांग को देखते हुए पेश की गई भूमि के मुआवजे को 1.55 करोड़ रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये प्रति एकड़ किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

ग) क्या भूमि की पेशकश करने वाले प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को रोजगार की गारंटी प्रदान करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**दीन दयाल उपाध्याय योजना के तहत लाइसेंसों का ब्यौरा**

***113 श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) वर्ष 2014 से 2026 तक राज्य में 'दीन दयाल उपाध्याय योजना' के तहत सरकार द्वारा जारी किए गए लाइसेंसों का वर्ष-वार तथा जिला/तहसील/ब्लॉक/क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; तथा

ख) इस अवधि के दौरान राज्य में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एच.एस.वी.पी.) के तहत सरकार द्वारा विकसित किए गए नए सेक्टरों/कॉलोनियों की वर्ष-वार तथा जिला /तहसील/ब्लॉक/शहर-वार ब्यौरा क्या है?

----

**बारात घर का निर्माण कार्य पूरा करना**

***114 श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) कलायत में भगवान परशुराम बरात घर के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके निर्माण कार्य के कब तक शुरू एवं पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) इस कार्य में हुई अत्यधिक देरी के लिए उत्तरदायी पाए गए अधिकारियों/एजेंसियों के नाम एवं पदनाम क्या हैं तथा इस चूक के लिए उनके विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है या किए जाने की सम्भावना है?

----

**नगर पालिका कार्यालय के नए भवन का निर्माण करना**

***115 श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

क) क्या यह तथ्य है कि अगस्त, 2025 में नगर पालिका, समालखा का नगर परिषद के रूप में दर्जा बढ़ाया गया था;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि नगर परिषद, समालखा का वर्तमान कार्यालय भवन जर्जर हो चुका है तथा समीपवर्ती सड़क के स्तर से काफी नीचे स्थित है;

ग) क्या समालखा में एक नए नगर परिषद कार्यालय भवन का निर्माण करने से संबंधित कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

घ) यदि नहीं, तो नगर परिषद, समालखा के कार्यालय के सुचारू संचालन के लिए सरकार द्वारा क्या वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं?

----

**कबड्डी अकादमी का निर्माण कार्य पूरा करना**

*116 **श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि पुण्डरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव पाई में कबड्डी अकादमी का भवन अधूरा पडा है तथा वर्तमान में बुरी हालत में है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि शेष निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए स्वीकृत ₹2.00 करोड़ की राशि अपर्याप्त है;

ग) क्या उपरोक्त अकादमी का निर्माण कार्य जल्दी पूरा करने के लिए, उक्त निरीक्षण, संशोधित अनुमान तैयार करने तथा अतिरिक्त बजट स्वीकृत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

घ) यदि हाँ, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

**बाईपास का निर्माण कार्य शुरू करना**

*117 **श्री तेजपाल तँवर ( सोहना):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि तावडू शहर में एक बाईपास के निर्माण के लिए सरकार का एक प्रस्ताव था;

ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण क्या हैं; तथा

ग) क्या उपरोक्त बाईपास का निर्माण कार्य शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार की विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त बाईपास का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**शिक्षकों के रिक्त पदों को भरना**

*118 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) गत तीन वर्षों (2023-24, 2024-25 तथा 2025-26) के दौरान कक्षा 8 तथा कक्षा 12 के बाद राज्य में छात्रों की जिलावार ड्रॉपआउट दर कितनी है;

ख) राज्य के औसत की तुलना में नूंह (मेवात) जिले में विशिष्ट ड्रॉपआउट दर कितनी है तथा जिले में कक्षा 5 तथा कक्षा 12 के बीच नामांकन में महत्वपूर्ण गिरावट के क्या कारण हैं;

ग) इन ड्रॉपआउट दरों को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे पगों का ब्यौरा क्या है; तथा

घ) नूंह जिले में शिक्षकों के स्वीकृत पदों की कुल संख्या कितनी है तथा वर्तमान रिक्तियों की स्थिति क्या है तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी विद्यालय “शिक्षक-विहीन” न रहे, इसके लिए सरकार द्वारा इन पदों को भरने के लिए क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

**महाविद्यालयों में रिक्त पदों का ब्यौरा**

*119 **श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राज्य के राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा मार्च 2025 तक कितने पद

रिक्त पडे हैं तथा उनका जिलेवार एवं श्रेणी वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उपरोक्त रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार की क्या कार्य योजना है तथा इनके कब तक भरे जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) नियमित नियुक्तियाँ होने तक विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो, इसके लिए सरकार द्वारा क्या व्यवस्थाएँ की गई हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है?

----

## चार मार्गी सड़क का निर्माण करना

*120 **श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या कुरुक्षेत्र से ढांड तक चार मार्गी सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----